विश्व हिंदी पत्रिका 2026 के लिए
शोध आलेख आमंत्रित

'विश्व हिंदी पत्रिका' विश्व हिंदी सचिवालय द्वारा प्रकाशित एक अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक शोध पत्रिका है, जिसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी की स्थिति, चुनौतियों एवं संभावनाओं, हिंदी भाषा, साहित्य एवं शिक्षण के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधान, हिंदी पत्रकारिता एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित महत्त्वपूर्ण मौलिक व सूचनापरक शोध आलेख प्रकाशित किए जाते हैं।

विश्व हिंदी पत्रिका के पूर्व अंक सचिवालय की वेबसाइट https://patrikayan.vishwahindi.com/ पर उपलब्ध हैं।

पत्रिका के 18वें अंक के लिए सचिवालय विश्व भर के हिंदी विद्वानों, शोधार्थियों व चिंतकों की ओर से निम्नलिखित विषयों पर शोध आलेख आमंत्रित कर रहा है :

- हिंदी : भाषा और लिपि
- हिंदी का ई-संसार
- हिंदी शिक्षण
- विश्व में हिंदी
- हिंदी और जन-माध्यम
- हिंदी सेवी : व्यक्ति एवं संस्था
- हिंदी : उद्भव एवं विकास
- हिंदी : आज के प्रश्न
- हिंदी : शोध और आलोचना
- हिंदी : अनुवाद
- हिंदी : विरासत
- हिंदी : देश विशेष
- हिंदी : विशेष व्याख्यान
- हिंदी सम्मेलन
- हिंदी : विविध

नियम व शर्तें :

- लेख का शोधपरक होना अनिवार्य है।
- लेख के साथ संदर्भ ग्रंथ सूची संलग्न करना चाहिए।
- लेख लगभग **3000** शब्द संख्या का होना चाहिए।
- लेख यूनिकोड फ़ॉण्ट में टंकित तथा 'ओपन वर्ड फ़ाइल' मोड में होना चाहिए।
- संपादक मंडल द्वारा स्वीकृति मिलने पर ही आलेख प्रकाशित किया जाएगा।
- संपादक मंडल द्वारा लेख स्वीकृत होने की स्थिति में मौलिक तथा अप्रकाशित लेखों के लिए मानदेय का प्रावधान है।
- लेखक का संक्षिप्त परिचय, मोबाइल नंबर, ईमेल पता, एक पासपोर्ट आकार चित्र एवं लेख के मौलिक तथा अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र भी साथ भेजना अनिवार्य है।
- आलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि **सोमवार 01 जून, 2026** है।
- आलेख निम्नलिखित डाक अथवा ईमेल पते पर भेजा जा सकता है।
- अधिक जानकारी के लिए फ़ोन अथवा ईमेल द्वारा संपर्क करें।

पता : World Hindi Secretariat
Independence Street, Phoenix 73423
Mauritius

फ़ोन : +230 660 0800

ईमेल : vhpatrika2018@gmail.com

30.03.2026